भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS

# आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
# MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 06.09.2024

## एम.ई.टी. एवं एच.टी.एस.– 2024 मुंबई प्रदर्शनी का सफल समापन। अपर सदस्य (उत्पादन इकाई) एस के पंकज ने किया आरेडिका स्टॉल का निरीक्षण

दिनांक 4 से 6 सितंबर तक आयोजित 'एम.ई.टी. एवं एच.टी.एस.–2024 का 6 सितंबर को सफल समापन हो गया। मुंबई में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी में भारतीय रेल के उत्पादन ईकाईयों में आई.सी.एफ , आर.सी.एफ, आर.डब्ल्यू.एफ, सी.एल. डब्ल्यू, पी.एल.डब्ल्यू, आर.डी.एस.ओ के साथ आरेडिका रायबरेली ने महत्वपूर्ण उत्पादों का प्रदर्शन एवं जानकारी देकर देश एवं विदेश के उद्यमियों के साथ विचार विमर्श कर उनकी भागीदारी हेतु आकर्षित करने का प्रयास किया।

एम.ई.टी एवं एच.टी.एस 2024 सामग्री इंजीनियरिंग और हीट ट्रीटमेंट क्षेत्रों में अपने तकनीक और व्यावसायिक संभावनाओं को बढ़ाने के लक्ष्य वाले पेशेवर कंपनियों के लिए एक सहायक कार्यक्रम सिद्ध होगा।

प्रदर्शनी के दूसरे दिन रेलवे बोर्ड के अपर सदस्य (उत्पादन इकाई) श्री एस.के. पंकज ने आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के स्टॉल सहितरेलवे के सभी उत्पादन इकाई एवम अन्य स्टालों का निरीक्षण किया।

इस प्रदर्शनी में मुख्य रूप से मैटेरियल्स (सामग्री) और हाई–थ्रूपुट स्क्रीनिंग (एच.टी.एस) से संबंधित नई तकनीकों, नवाचारों और समाधानों के साथ ही नए और उन्नत मैटेरियल्स की जांच और परीक्षण के लिए आधुनिक तकनीकों का प्रदर्शन किया गया।

इस प्रदर्शनी में रेल मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, इस्पात मंत्रालय, डिपार्टमेंट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, डिपार्टमेंट ऑफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च, सहित लगभग 15 से अधिक देशों के 300 स्टॉल और 600 प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिनमें आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका) द्वारा कोच उत्पादन के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों का बेहतरीन प्रदर्शन किया गया। आरेडिका के स्टॉल में विभिन्न प्रकार के कोच मॉडल, इंफोग्राफिक्स, कोच को बनाने में प्रयुक्त मटेरियल और निर्यात किए जाने वाले कोच मॉडल को प्रदर्शित किया गया है, जिन्होंने आगंतुकों का ध्यान आकर्षित किया। प्रदर्शनी में औद्योगिक प्रतिनिधियों की अत्यधिक भागीदारी रही है।

आरेडिका के प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व कर रहे उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर डिजाइन एस पी गोविल, उप मुख्य सामग्री प्रबंधक डॉ0 संजय निगम एवं जनसंपर्क अधिकारी श्री अनिल श्रीवास्तव ने उद्यमियों को डिजाइन उत्पाद एवं वेण्डर रजिस्ट्रेशन तथा आरेडिका के कोच उत्पादन एवम सामग्री खरीद से संबंधित विभिन्न क्रियाकलापों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। सामग्री इंजीनियरिंग प्रौद्योगिकी एवं ताप उपचार से संबंधित अनेक जानकारियां वैज्ञानिकों एवं इंजीनियर्स द्वारा अपने वक्तव्य में दी गई।

एम.ई.टी एवं एच.टी.एस 2024 में भाग लेकर रेलवे के सभी यूनिट्स आने वाले समय में नवीनतम नवाचारों तक पहुंच और उद्योग के साथ नेटवर्किंग करके प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त हासिल करेंगे।

06/9/2024

(आर.एन. तिवारी)
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी